जवाहरलाल नेहरु कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग

प्रेषक :डॉ. शेखर सिंह बघेल
सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी

क्रमांक 159
दिनांक 25.09.2023

श्री अन्न समृद्धि, समग्रता एवं ग्रामीण अंचलों में छोटे किसानों हेतु समृद्धि का द्वार खोल रहा है– डॉ. पी.बी.शर्मा

श्री अन्न संवर्धित खाद्य उत्पादों का प्रसंस्करण विषय पर 3 दिवसीय मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण का आयोजन

जबलपुर 25 सितम्बर, 2023। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स 2023 के अंतर्गत, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रदत्त मिलेट्स प्रोसेसिंग एण्ड प्रोडक्ट डेवलपमेंट, केन्द्र की राष्ट्रीय कृषि विकास योजनना अंतर्गत, कृषि विकास के अधिकारियों के लिये श्री अन्न संवर्धित खाद्य उत्पादों का प्रसंस्करण विषय पर 3 दिवसीय मास्टर ट्रेनर के प्रशिक्षण का आयोजन अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय, जबलपुर डॉ. पी.बी.शर्मा के मुख्यआतिथ्य में हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्यअतिथि अधिष्ठता कृषि महाविद्यालय,जबलपुर डॉ. पी.बी.शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज श्री अन्न हर व्यक्ति की थाली में पहुंचना ही इस तरह प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों का मुख्य उद्येश्य होना चाहिये। ऐसे प्रशिक्षण लगातार होते रहने चाहिये, जिससे मास्टर ट्रेनर अपने क्षेत्रों में जाकर श्री अन्न का प्रचार–प्रसार और इसके फायदें क्या होंगे इसकी जानकारी प्रदान कर सकेंगे, ताकि आमजन श्री अन्न का उपयोग कर सकें और दूसरों को भी प्रोत्साहित कर सके। श्री अन्न समृद्धि, समग्रता एवं ग्रामीण अंचलों में छोटे किसानों हेतु समृद्धि का द्वार खोल रहा है, ताकि हमारे लघु किसान श्री अन्न की खेती कर अधिक मुनाफा प्राप्त कर समृद्धि के साथ आजीविका चला सकें।

खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला ने स्वागत उद्बोधन एवं तीन दिवसीय प्रशिक्षण के महत्व एवं इसकी उपयोगिता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस दौरान आपने बताया कि कृषि विभाग के अंतर्गत कृषि अधिकारी में विशेष रूप से कृषि विस्तार अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, वरिष्ट कृषि विकास अधिकारी भाग ले रहे हैं, जो मास्टर ट्रेनर के रूप में श्री अन्न से तैयार बेकरी, प्रोडक्ट, ब्रेड, वंश, पास्ता, कुकीज, मफिन्स, कोदो, कुटकी, की मशीनों द्वारा दराई, सफाई एवं रागी, फ्लेक्स सहित अन्य सामग्री तैयार करने की विधि को विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण में जानकारी प्रदान की जा रही है। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में डिण्डोरी, मण्डला, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, जबलपुर से मास्टर ट्रेनर उपस्थित हुये।

कार्यक्रम में संयुक्त संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग,जबलपुर श्री के.एस. नेताम एवं परियोजना संचालक आत्मा डॉ. एस. के. निगम सहित अन्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना पांडे, वरिष्ट वैज्ञानिक एवं आभार प्रदर्शन डॉ. राजेन्द्र सिंह ठाकुर द्वारा किया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण में विषय विशेषज्ञ के रूप में खाद्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.एस.शुक्ला, वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. एमए खान, डॉ. प्रतिभा सिंह परिहार, प्राध्यापक, डॉ. अनुभा उपाध्याय, प्राध्यापक, डॉ. अर्चना पांडे, वरिष्ट वैज्ञानिक, डॉ. राजेन्द्र सिंह ठाकुर, वैज्ञानिक उपस्थित होकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करेंगे।